# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन सदस्य सचिव,
# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
## जिला नारायणपुर (छ0ग0)

दूरभाष : 07781–299218 email id : deonpr74@gmail.com

## //वॉक–इन–इन्टरव्यू विज्ञापन//

क्रमांक/3021/सेजेस/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2023–24 नारायणपुर, दिनांक 27/06/2023

लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0 नवा रायपुर के अनुपालन में एवं समय–समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में नवीन स्वीकृत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ओरछा एवं जिले में पूर्व संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंगोड़ीतराई/छोटेडोंगर, जिला नारायणपुर में शिक्षण सत्र 2023–24 के लिए रिक्त पदों में संविदा शिक्षकों की नियुक्ति अस्थाई रूप से किया जाना है। नीचे दर्शित रिक्त पदों पर संविदा भर्ती वॉक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन **दिनांक 03.07.2023 दिन–सोमवार को पूर्वान्ह 10:30 बजे** से संलग्न समय– सारिणी अनुसार आवेदन फार्म जमा एवं मूल प्रमाण पत्रों व अन्य अभिलेखों का सत्यापन स्थान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, नारायणपुर जिला नारायणपुर के कक्ष क्रमांक–74 एवं साक्षात्कार मुख्य कार्यापालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर के उपस्थिति में आयोजित किया जावेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित फार्म प्ररूप में आवेदन पत्र पूर्ण कर मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वॉक–इन–इन्टरव्यू स्थल में उपस्थित होवें। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर डाक साधारण पोस्ट या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नही किया जावेगा। साथ ही निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। रिक्त पदों का वर्गवार निम्नानुसार है :–

### // वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु विज्ञापित रिक्त पदों का विवरण संस्थावार//

**नवीन स्वीकृत/प्रारंभ–** (अ)स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ओरछा, जिला नारायणपुर

| क्रं. | पद का नाम एवं माध्यम | | पदों की संख्याा | आरक्षण | संविदा नियुक्ति की स्थिति में मानदेय | प्रतिनियुक्ति की स्थिति में देय वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषयवार पदनाम | माध्यम | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक शिक्षक, अंग्रेजी | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| **कुल** | | – | **01** | – | – | – |

**पूर्व संचालित सेजेस विद्यालय :–** (अ) स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंगोड़ीतरई, जिला नारायणपुर (छ.ग.)

| क्रं. | पद का नाम एवं माध्यम | | पदों की संख्याा | आरक्षण | संविदा नियुक्ति की स्थिति में मानदेय | प्रतिनियुक्ति की स्थिति में देय वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषयवार पदनाम | माध्यम | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्याख्याता, गणित | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| 2 | व्याख्याता, सामा0विज्ञान | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| 3 | शिक्षक, कला | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| **कुल** | | – | **03** | – | – | – |

(ब)स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छोटेडोंगर, जिला नारायणपुर(छ.ग.)

| क्र. | पद का नाम एवं माध्यम | | पदों की संख्याा | आरक्षण | संविदा नियुक्ति की स्थिति में मानदेय | प्रतिनियुक्ति की स्थिति में देय वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषयवार पदनाम | माध्यम | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक शिक्षक, विज्ञान | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| 2 | सहायक शिक्षक, अंग्रेजी | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| 3 | सहायक शिक्षक, कला | अंग्रेजी | 01 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति नियमों के अधीन |
| कुल | | 03 | 03 | – | – | – |

टीप :–

1. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है। इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।

**जिला शिक्षा अधिकारी/पदेन**
**सदस्य सचिव**
स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन
प्रबंधन समिति जिला नारायणपुर (छ.ग.)

**वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु दिशा– निर्देश :–**

| क्र0 | पदों का विवरण | विषय | इन्टरव्यू दिनांक/दिन | वॉक–इन–इन्टरव्यू की समय सारिणी | कार्यवाही विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | संविदा व्याख्याता, (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 03.07.2023, दिन–सोमवार | प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक। | संलग्न आवेदन पत्र निर्धारित भरी हुई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन । |
| 2 | संविदा व्याख्याता, (अंग्रेजी माध्यम) | सामा. विज्ञान | | | |
| 3 | संविदा शिक्षक, (अंग्रेजी माध्यम) | कला | | दोपहर 01:00 से 02:00 बजे तक। | पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति का निराकरण । 02:00 बजे पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन। |
| 4 | संविदा सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | कला संकाय | | | |
| 5 | संविदा सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | विज्ञान | | 03:00 से 05:00 बजे तक। | पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार । |
| 6 | संविदा सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | | 05:30 बजे। | अंतिम चयन सूची का प्रकाशन। |

जिसे नारायणपुर जिले के वेबसाईट **www.narayanpur.gov.in** में देखा जा सकता है।

1. **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हतायें** :– अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये निम्नानुसार न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएँ होना आवश्यक है :–

**(01) व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) (हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी) –**

हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्तर के लिए उपर दिए गए तालिका अनुसार केवल व्याख्याता पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में निम्नालिखित विषयों में से किसी एक विषय में स्नातकोत्तर/समकक्ष एवं बी0एड0 अनिवार्य है।

टीप :– 1. व्याख्याता गणित, एवं सामाजिक विज्ञान हेतु अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातकोत्तर तक अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा अनिवार्य।

| स.क. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | गणित | गणित/एप्लाईड गणित में स्नातकोत्तर की उपाधि। |
| 2. | सामाजिक विज्ञान | राजनीति/अर्थशास्त्र/इतिहास/भूगोल आदि कला संकाय के विषयों पर स्नातकोत्तर की उपाधि। |

**(02) शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) –**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण एवं बी0एड0 उत्तीर्ण तथा टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण (उच्च प्राथमिक स्तर)

टीप :– 1. शिक्षक कला/सामाजिक विज्ञान हेतु अंग्रेजी माध्यम में माध्यमिक स्तर से स्नातक तक अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा अनिवार्य।

| स.क. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | कला/सामाजिक विज्ञान | राजनीति/अर्थशास्त्र/इतिहास/भूगोल आदि कला संकाय के विषयों पर स्नातक की उपाधि। |

**(03) सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) –**

उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (अथवा इसके समकक्ष) बोर्ड से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। एवं डी.एड. या बी.एड. या डी.एल.एड उत्तीर्ण तथा टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. उत्तीर्ण (प्राथमिक स्तर)

टीप :– 1. सहायक शिक्षक के पद हेतु विषय कला, विज्ञान, अंग्रेजी हेतु माध्यमिक स्तर से उच्चतर माध्यमिक तक अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा अनिवार्य।

2. कंडिका–03 में उल्लेखित पद हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं डी.एड. या बी.एड. या डी.एल.एड उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। साथ ही आवेदक अभ्यार्थियों को टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. परीक्षा उत्तीर्ण (प्राथमिक स्तर) अनिवार्य होगा।

**चयन प्रकिया संविदा हेतु :– चयन हेतु चयन समिति द्वारा निम्न प्रकिया अपनाई जावेगी।**

| क. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के वेटेज निर्धारित अंक प्रतिशत में | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हायर सेकेण्डरी | स्नातक | स्नातकोत्तर | डी.एड./बी.एड./ डी.एल.एड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | व्याख्याता | – | – | 70 | 30 |
| 2 | शिक्षक | | 70 | – | 30 |
| 3 | सहायक शिक्षक | 70 | – | – | 30 |

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तथा न्यूनतम व्यावसायिक योग्यता के संयुक्त अंको के आधार पर साक्षात्कार हेतु अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा।
2. अन्तिम चयन साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर होगा। साक्षात्कार 100 अंको का होगा। जिसमें विषय ज्ञान–40 अंक, अंग्रेजी ज्ञान–20 अंक, व्यक्तित्व परीक्षण–20 अंक तथा संप्रेषण कौशल–20 अंक का होगा।
3. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। शासन के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
4. शैक्षणिक पदों पर व्यवसायिक योग्यता डी.एड./डी.एल.एड. या बी.एड. उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही शिक्षक एवं सहायक शिक्षक हेतु टी.ई.टी. या सी.टी.ई.टी उत्तीर्ण अनिवार्य है। योग्य अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति मे अन्य आवेदकों पर समिति द्वारा विचार किया जावेगा।
5. मुल प्रमाण पत्रों की जांच तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर अंतिम मेरिट सूची बनाई जाकर योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति का आदेश संबंधित संचालन प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारा जारी किया जायेगा।
6. चयनित अभ्यार्थियों के साथ अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची संविदा पदों पर कार्यभार ग्रहण करने वालो की संख्या कम होने एवं कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् पद त्याग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए रखा जायेगा।

**<u>नियम व शर्ते :–</u>**

1. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होंगे, शासन के द्वारा नियुक्ति/कार्य व्यवहार के आधार पर या संविदा नियुक्त पद पर कोई शासकीय सेवक/कर्मचारी प्रतिनियुक्ति से आता है तो उस समय या किसी भी समय समिति द्वारा सेवा से पृथक किया जा सकेगा। या भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
2. संविदा से चयनित शिक्षकों को अन्य नियमित शिक्षकों की भांति शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिये अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानेदय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकर की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।
4. आवेदन में आवेदक अनुसूचित जनजाति/अ.जा./अ.पि.वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
6. संविदा नियुक्ति 30 अप्रैल 2024 तक के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यदक्षता, कार्यक्षमता एवं <u>आचरण/व्यवहार</u> के आधार पद दोनो पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी सत्र् के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
7. संविदा भर्ती सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन कमांक एफ 9–1/2012/1–3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा भर्ती के संबंध में जारी समस्त शर्ते लागू होगी।
8. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा भर्ती) नियम 2012 के तहत् अवकाश की पात्रता होगी।
9. सभी नियुक्तियों एवं चयन प्रकिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी.) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।
10. संविदा पर नियुक्ति व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शामिल होंगे।
11. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है। इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
12. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।

13. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों ( प्रथम पक्ष नियोक्ता एवं द्वितीय पक्ष अभ्यर्थी) में से नियोक्ता पक्ष द्वारा एक माह के पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। जबकि द्वितीय पक्ष को सेवा से त्याग पत्र देने की स्थिति में 03 माह का वेतन चालान के माध्यम से जमा कराना होगा। संविदा अवधि समाप्ति पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।
14. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन, मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग.शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।
15. नियुक्ति के पश्चात् जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
16. आवेदक का उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। उम्र की पुष्टि हेतु 10वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आयु सीमा में छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये लागू होंगे।
17. निर्धारित तिथि **दिनांक 03.07.2023 को** आयोजित वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से रिक्त पद की पूर्ति नही होने की स्थिति में पुनः पृथक से नवीन वॉक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन किया जावेगा, जिसकी सूचना पृथक से एन.आई.सी. वेब पोर्टल पर जारी की जावेगी एवं इस हेतु प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की जावेगी।
18. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्र को स्व–प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।
19. वॉक–इन–इन्टरव्यू के लिए जारी विज्ञापन दिनांक तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएं ही मान्य होगी।
20. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा।) तथा नियम–शर्तें नारायणपुर जिले के वेबसाईट https://narayanpur.gov.in एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारायणपुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।
21. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति नारायणपुर को होगा।
22. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**(मु.का.अधि.जि.पं.एवं अध्यक्ष, साक्षात्कार/चयन समिति स्वामी आत्मा.विद्यालय जिला नारायणपुर द्वारा अनुमोदित)**

**जिला शिक्षा अधिकारी/पदेन**
**सदस्य सचिव**
स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन
प्रबंधन समिति जिला नारायणपुर (छ.ग.)

पृ0क/3022/सेजेस/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2023–24 नारायणपुर, दिनांक 27/06/2023

**प्रतिलिपि** :–

1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन समिति जिला नारायणपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जि.पं. एवं अध्यक्ष, साक्षा./चयन समिति स्वामी आत्मा.विद्या.जिला नारायणपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण बस्तर, संभाग जगदलपुर को सूचनार्थ।
5. जिला जन सम्पर्क अधिकारी, जिला नारायणपुर को सूचनार्थ एवं निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
6. जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी, एन0आई0सी0नारायणपुर को सूचनार्थ एवं जिला के पोर्टल में अपलोड किये जाने की कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
7. जिला कार्यालय नारायणपुर को एक प्रति नोटिश बोर्ड में प्रकाशन हेतु।

**जिला शिक्षा अधिकारी/पदेन**
**सदस्य सचिव**
स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालन
प्रबंधन समिति जिला नारायणपुर (छ.ग.)

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन समिति
# जिला नारायणपुर (छ0ग0)

:: संविदा आवेदन पत्र प्रारूप (वॉक–इन–इन्टरव्यू) ::

**संविदा हेतु जिस विद्यालय के लिए आवेदन किया जा रहा है :–**

उस विद्यालय का नाम ....................................................................................................

**संविदा हेतु जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है :–**

उस पद का नाम ..........................................................................................................

| रंगीन फोटो / स्वयं प्रमाणित |
|---|

**प्रति,**

**जिला शिक्षा अधिकारी,**
जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

01. आवेदक / आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ..............................................................
02. पिता / पति का नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................
03. (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ..............................................................
04. लिंग (पुरूष / महिला) :– ..............................................................
05. जन्मतिथि (अंको में) :– :– वर्ष ......................माह....................दिन..........
(शब्दों में ) :– ..............................................................
06. जाति / वर्ग (अ.ज.जा. / अ.जा. / अ.पि.व. / अनारक्षित) :– ..............................................................

**07. शैक्षणिक योग्यता की जानकारी (पद के लिए न्यूनतम योग्यता से शुरू करें) :–**

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा / स्तर का नाम | बोर्ड / वि.वि. / संस्था का नाम | माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 10वीं | | | | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 5 | डी.एड. / बी.एड. | | | | | | | |
| 6 | टी.ई.टी / सी.टी.ई.टी. | | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | | |

कमशः –02

08. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है? :— ........................................
(निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

09. जिले का नाम :— ........................................

10. स्थायी पता :— ........................................
........................................
........................................
........................................

11. पत्र व्यवहार का पूरा पता :— ........................................
........................................
........................................
........................................

12. फोन/मोबाईल नम्बर :— ........................................

13. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र व आदेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क. | संस्था का नाम | पदनाम एवं (कक्षा जिसका अध्यापन किया) | अध्यापन का माध्यम | अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से | कब तक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

14. क्या उम्मीदवार विवाहित है (हॉ/नहीं) :— ........................................

15. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :— ........................................

16. क्या आप आयु सीमा में छूट का दावा करते है यदि हां तो।
कितने वर्ष की (संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

कमंशः3

17. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति की सूची :—

1. ..........................................................................................
2. ..........................................................................................
3. ..........................................................................................
4. ..........................................................................................
5. ..........................................................................................
6. ..........................................................................................
7. ..........................................................................................
8. ..........................................................................................
9. ..........................................................................................
10. ..........................................................................................
11. ..........................................................................................
12. ..........................................................................................

**//घोषणा पत्र //**

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि, मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य है, इनमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाए जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूध्द कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकरी बिना बताए मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझें मान्य होगा।

दिनांक — ................................................

स्थान — ................................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

(नाम एवं पूर्ण पता)

नाम —............................................................

पता — ............................................................

...................................................................